विद्या,- भवन, बालिका विद्यापीठ ,लखीसराय

नीतू कुमारी, विषय-हिंदी, वर्ग-चतुर्थ

दिनांक-18-01-2022।   एन.सी.ई.आर.टी पर आधारित

सुप्रभात बच्चों,

दिए ,गए पत्र समझ कर लिखने का प्रयास करें।

पत्र-लेखन
(Letter Writing)

पत्र एक ऐसा साधन है, जिसके द्वारा हम अपने मित्रों अथवा सगे-संबंधियों तक अपनी बात पहुँचाते हैं। पत्र सरकारी अधिकारियों को भी लिखे जाते हैं। इस आधार पर पत्र दो प्रकार के होते हैं- औपचारिक-पत्र, जैसे- प्रधानाचार्य, संपादक, पुस्तक-विक्रेता आदि को लिखे जाने वाले पत्र तथा अनौपचारिक पत्र, जैसे- मित्रों, प्रियजनों व सगे-संबंधियों को लिखे जाने वाले पत्र।

1. **बीमारी की छुट्टी के लिए प्रधानाचार्य को पत्र।**

सेवा में,
श्रीमान प्रधानाचार्य जी,
पी.एस. पब्लिक स्कूल,
सोनीपत, हरियाणा।

महोदय,
निवेदन यह है कि मुझे कल रात से तेज़ ज्वर है। इसलिए मैं आज स्कूल नहीं आ सकता। अतः आपसे निवेदन है कि मुझे दो दिन .... से लेकर .... तक का अवकाश प्रदान करें।

आपका आज्ञाकारी शिष्य,
नरेंद्र बल्हरा, कक्षा - 4 'ब'
दिनांक - ....

2. **विद्यालय छोड़ने पर प्रमाण-पत्र लेने के लिए प्रार्थना-पत्र।**

सेवा में,
श्रीमान प्रधानाचार्य जी,
टैगोर पब्लिक स्कूल,
राजौरी गार्डन, नई दिल्ली।

महोदय,
निवेदन यह है कि मैंने इस वर्ष चौथी कक्षा उत्तम अंक लेकर पास की है। अब मैं दिल्ली पब्लिक स्कूल में दाखिला लेना चाहता हूँ। कृपया मुझे विद्यालय छोड़ने का प्रमाण-पत्र देने की कृपा करें।

सधन्यवाद।

आपका आज्ञाकारी शिष्य,
प्रतीक मुढ़ाल
कक्षा - 4 (अ)
दिनांक - ....